SNBP International & Senior Secondary School, Chikhali, Pune.
Affiliation No. 1130703
Academic session 2023-24
NOTES

CLASS: 4 SUBJECT: Hindi
Prepared By: Deepika Mehra LESSON- (पाठ -१0 सच्चा डॉक्टर)

प्रश्न १) शब्द अर्थ एवं श्रुतलेख पाठ्यपुस्तक 'प्रतिभा' से लिखिए |

प्रश्न २) खाली जगह भरिए –

१) हमें बड़े-छोटे में अंतर नहीं करना चाहिए |

२) गप्पू गीदड़ ने डॉक्टर टिंकू से अपनी गलती की माफ़ी माँगी |

३) डॉक्टर टिंकू की दवा से कुछ ही समय में सिहंराज को आराम मिल गया |

प्रश्न ३) दिए गए शब्दों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए –

१) संकट - मुसीबत

वाक्य- जो सच्चा मित्र होता है वह संकट में हमेशा साथ देता है |

२) प्राण - जीवन

वाक्य- पेड़-पौधों में भी प्राण होते हैं |

३) चापलूसी - खुशामद

वाक्य- व्यक्ति को चापलूसों से बचके रहना चाहिए |

प्रश्न ४) एक वाक्य में उत्तर लिखिए –

१) डॉक्टर टिंकू कौन था ?

उत्तर) डॉक्टर टिंकू खरगोश का नाम था |

२) सिहंराज को क्या हो गया था ?

उत्तर) सिहंराज को जुकाम हो गया था |

३) डॉक्टर टिंकू का स्वभाव कैसा था ?

उत्तर) डॉक्टर टिंकू का स्वभाव सरल , मृदुभाषी और समझदारी भरा था |

प्रश्न ५) दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए –

१) गप्पू ने सिहंराज को भड़काते हुए क्या बोला ?

उत्तर) गप्पू ने सिहंराज को भड़काते हुए बोला “महाराज ! टिंकू खरगोश आपको कुछ नहीं समझता | उसने आपका अपमान किया और यहाँ आने से इनकार भी कर दिया |

प्रश्न ६) विस्तारपूर्वक उत्तर लिखिए –

१) डॉक्टर टिंकू ने गप्पू को गले लगाते हुए क्या बोला ?

उत्तर) डॉक्टर टिंकू ने गप्पू को गले लगाते हुए बोला कि दुखी होने की बात नहीं है गप्पू भाई ! इस सज़ा के बहाने तुम्हें दीन-दुखियों की सेवा करने का मौका मिलेगा और देखना कुछ ही दिनों बाद तुम्हें इसी काम में मज़ा भी आने लगेगा |

व्याकरण

प्रश्न ७) दिए गए मुहावरों का अर्थ लिखिए |

१) आकाश-पाताल एक करना - कठिन परिश्रम करना

२) आँख लगना - नींद आना

३) दुम दबाकर भागना - डर कर भाग जाना